संसद सदस्यों ने श्री बली राम भगत को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर, 2019 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; संस्कृति और पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रह्लाद सिंह पटेल; पूर्व उप-प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी; संसद सदस्यों तथा पूर्व संसद सदस्यों ने आज लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री बली राम भगत की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा के महासचिव श्री देश दीपक वर्मा ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री बली राम भगत के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा व्यापक संसदीय अनुभव संपन्न और संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के ज्ञाता, श्री बली राम भगत को 5 जनवरी, 1976 को पांचवीं लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया था। वह अंतरिम संसद, पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवीं, सातवीं और आठवीं लोक सभा के सदस्य रहे। केन्द्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त, योजना, रक्षा, विदेश, विदेश व्यापार और आपूर्ति, इस्पात और हैवी इंजीनियरिंग सहित अनेक महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। उन्होंने फरवरी, 1993 से चार महीने के लिए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल तथा 30 जून, 1993 से 1 मई, 1998 तक राजस्थान के राज्यपाल का कार्यभार संभाला।

श्री बली राम भगत का निधन 2 जनवरी 2011 को नई दिल्ली में हुआ।